**अति-तत्काल/संसदीय समिति का मामला**

सं. ई-11012/4/2021-हिंदी /05

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

901 (द0), सेवा भवन,आर.के.पुरम,
नई दिल्ली-110066
दिनांक: 13 जनवरी, 2022

**विषयः संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा केन्द्रीय जल आयोग के नई दिल्ली स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय, यमुना बेसिन संगठन, नई दिल्ली (क्षेत्रीय कार्यालय) का राजभाषा संबंधी निरीक्षण।**

**महोदय/महोदया,**

उच्चाधिकार प्राप्त संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा केन्द्रीय जल आयोग के **नई दिल्ली स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय, यमुना बेसिन संगठन (क्षेत्रीय कार्यालय)** का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जाना है। उक्त निरीक्षण हेतु प्रश्नावली की कुछ मदों पर सूचना/आंकडे मुख्यालय से दिए जाने अपेक्षित हैं । इस संबंध में अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न **प्रश्नावली (पृष्ठ 48-क से 50-क) की मद सं. 5 से 9 तक** की सूचना **दिनांक 17 जनवरी, 2022 तक** अवश्य उपलब्ध करवाई जाए।

भवदीया,

**(रजिन्दर पाल)**
**उप निदेशक (रा.भा.)**

**सेवा में,**

1. निदेशक, समन्वय, नदी प्रबंध, जल आयोजना एवं परियोजना और अभिकल्प एवं अनुसंधान स्कंध, के.ज.आ.।
2. निदेशक (स्थापना-1), निदेशक, एसएमडी और तकनीकी समन्वय निदेशालय, निदेशक, पुस्तकालय सूचना ब्यूरो, के.ज.आ.।
3. सभी अनुभाग अधिकारी, के.ज.आ.।

संसदीय राजभाषा समिति

उपसमिति के निरीक्षण कार्यक्रम में शामिल कार्यालय से संबंधित मुख्यालय@ के प्रतिनिधि के लिए प्रश्नावली *

कार्यालय का नाम : **मुख्य अभियंता, यमुना बेसिन संगठन, नई दिल्ली**

निरीक्षण की तिथि : --

1. क्या आपको या आपके नियंत्रणाधीन किसी कार्यालय को उपर्युक्त कार्यालय से तिमाही प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से मिल रही है? यदि हां, तो क्या उसकी जांच के बाद उसके कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में पाई गई कमियों को दूर करने के बारे में उनका ध्यान आकर्षित किया गया है? कृपया पूरा विवरण दें और इस संबंध में लिखे गए अद्यतन पत्र की प्रति संलग्न करें।
2. क्या आपके या आपके नियंत्रणाधीन किसी कार्यालय के किसी अधिकारी द्वारा उपर्युक्त कार्यालय का पिछले एक वर्ष के दौरान किसी प्रकार का निरीक्षण किया गया है? यदि हां, तो क्या उसके साथ ही राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति के बारे में कोई टिप्पणी दी गई थी?
3. (i)आपके नियंत्रणाधीन कुल कितने कार्यालय हैं?
   (ii)गत वर्ष इनमें से कितने कार्यालयों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया? कृपया क्षेत्रवार ब्यौरा दें ।
4. क्या उपर्युक्त कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने तथा उन बैठकों में लिए गए निर्णयों को लागू करने के बारे में, आपके कार्यालय या आपके नियंत्रणाधीन किसी कार्यालय द्वारा कोई मॉनीटरिंग की जा रही है?
5. आपके कार्यालय/आपके नियंत्रणाधीन कार्यालय जिसे उपर्युक्त कार्यालय द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजी जाती है, से कार्यालय को पिछले एक वर्ष में अपनी ओर से भेजे गए कुल पत्राचार में से कितने प्रतिशत पत्र/ बेतार/ टेलैक्स/फैक्स/ई-मेल/सीपीग्राम से हिंदी में भेजे गए?

   (i) पत्र ..........................................%
   (ii) बेतार .................................... %
   (iii) टेलैक्स संदेश ............................%
   (iv) फैक्स संदेश ..............................%
   (v) ई-मेल .......................................%
   (vi) सीपी ग्राम..........................%

6. क्या उपर्युक्त कार्यालय में राजभाषा नीति को कारगर ढंग से लागू किये जाने हेतु हिंदी पदों के सृजन, भर्ती, हिंदी पुस्तकों, द्विभाषी इलैक्ट्रानिक यंत्रों/उपकरणों की खरीद आदि संबंधी कोई प्रस्ताव आपके कार्यालय या आपके नियंत्रणाधीन किसी कार्यालय में लंबित है ? यदि हां, तो कृपया उनका ब्यौरा दें।

7. (क) आपके संगठन में**

(i) वर्ग "क" से संबंधित कितने भर्ती नियम हैं?

(ii) वर्ग "ख" से संबंधित कितने भर्ती नियम हैं?

(iii) वर्ग "ग" से संबंधित कितने भर्ती नियम हैं?

(ख) इनमें से सरकारी सेवा में सीधी भर्ती का स्तर कौन सा है?

(ग) सीधी भर्ती स्तर पर हिंदी के ज्ञान के संदर्भ में क्या कोई शैक्षणिक स्तर निर्धारित है? "क" "ख" "ग"

(घ) सीधी भर्ती स्तर पर अंग्रेजी के ज्ञान के संदर्भ में क्या कोई शैक्षणिक स्तर निर्धारित है?

8. (1) क्या कार्यालय की वेबसाइट है? हां/नही

(2) यदि हां, तो क्या यह (क) हिन्दी में उपलब्ध है?
(ख) अंग्रेजी में उपलब्ध है (ग) द्विभाषी उपलब्ध है?

(3) क्या कार्यालय की हिन्दी वेबसाइट अद्यतन है? अद्यतन की तारीख

(4) वेबसाइट तैयार करने वाली कंपनी के साथ कार्यालय द्वारा किए गए करार में :

(i) क्या वेबसाइट को द्विभाषी रूप में तैयार करने संबंधी प्रावधान शामिल है?

(ii) क्या वेबसाइट को अद्यतन करते समय हिन्दी सामग्री को भी उसी समय अद्यतन करने के लिए प्रावधान है?

(5) क्या वेबसाइट पर अंग्रेजी सामग्री को अद्यतन करते समय हिन्दी सामग्री को भी उसी समय अद्यतन किया जाता है ?

(6) कार्यालय की वेबसाइट का पता-

(7) पिछले एक वर्ष में हिन्दी/द्विभाषी वेबसाइट पर कितने "हिट्स" हुए?

9. क्या आपके मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले उपक्रमों/निगमों की सेवाओं, उत्पाद, अन्य किसी बात के लिए विज्ञापन द्वारा प्रचार किया जाता है? यदि हां, तो उक्त प्रयोजन से निम्नलिखित माध्यम से पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए खर्च का ब्यौरा क्या है?

**विज्ञापन और प्रचार पर किया गया कुल खर्च**

(पिछले एक वर्ष अर्थात् **31** मार्च/**30** जून/**30** सितम्बर/**31** दिसम्बर तक की अवधि के लिए)

(i) अखबारों/पत्रिकाओं, पैम्फलेट आदि (प्रिंट मीडिया) के माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर किया गया खर्च

| | हिन्दी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं | कुल |
|---|---|---|---|---|
| "क क्षेत्र में | | | | |
| "ख" क्षेत्र में | | | | |
| "ग" क्षेत्र में | | | | |

(ii) इलैक्ट्रानिक (टी0वी0/फिल्म आदि) माध्यम से विज्ञापन और प्रचार पर किया गया खर्च

| | हिन्दी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं | कुल |
|---|---|---|---|---|
| "क क्षेत्र में | | | | |
| "ख" क्षेत्र में | | | | |
| "ग" क्षेत्र में | | | | |

(iii) प्रदर्शन (बैनर होर्डिंग) आदि के माध्यम से किया गया खर्च

| | हिन्दी | अंग्रेजी | अन्य भाषाएं | कुल |
|---|---|---|---|---|
| "क क्षेत्र में | | | | |
| "ख" क्षेत्र में | | | | |
| "ग" क्षेत्र में | | | | |

मुख्यालय के प्रतिनिधि***

के हस्ताक्षर तथा मोहर....................

नामः ..............................................

पदनामः..............................................

@ उपक्रमों/बैंकों/बीमा कंपनियों के संदर्भ में यह प्रश्नावली उनके निगमित कार्यालय द्वारा भरी जानी है।

* यह प्रश्नावली संसदीय राजभाषा समिति के मौखिक साक्ष्य कार्यक्रम और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के साथ विचार विमर्श कार्यक्रम के संदर्भ में नही भरी जानी है।

** जिन मामलों में मुख्यालय बैंक हों, वहां इस मद से संबंधित सूचना उपक्रमों/बैंकों से संबंधित पूरक प्रश्नावली में दी जाए।

*** वरिष्ठ अधिकारी, जिनका स्तर संयुक्त सचिव से कम न हो तथा जो राजभाषा नीति का कार्यान्वयन संबंधी कार्य देखते हों, निरीक्षण बैठकों में उपस्थित रहें तथा वे नियंत्रणाधीन कार्यालय के साथ राजभाषा नीति के कार्यान्वयन संबंधी पत्राचार की फाइलें भी साथ रखें।